प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन आज सत्र की कार्यवाही दोपहर बाद 2 बजे आरंभ होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इसमें बजट अनुमानों और अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी। इसके अलावा प्रदेश मंत्रिमंडल की एक अहम बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में प्रस्तावित है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

राजीव भारद्वाज

पोषण पखवाड़ा 2021 के दौरान आयुष मंत्रालय ने राज्य सरकारों के सहयोग से हिमाचल प्रदेश सहित 6 राज्यों के 21 जिलों में 1.10 लाख औषधीय पौधों का रोपण किया है। ये जानकारी केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मन्त्री सावित्री ठाकुर ने लोकसभा में सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक सवाल के जवाब में दी। उन्होंने बताया की पोषण मिशन के अन्तर्गत जिला स्तरीय पोषण समितियों का गठन किया गया है जोकि पोषण वाटिका के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष भर हरी सब्ज़ियां, फल, नट्स, हर्ब्स और औषधीय पौधों की उपलब्धता को सुनिश्चित करती है।

तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकारक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। तपेदिक दिवस के लिए इस वर्ष की थीम है "हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं–प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास "। इस अवसर पर राज्य स्तरीय विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के 20 स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन और स्किट जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

अनिरूद्ध सिंह

बीपीएल परिवारों के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेश सरकार ने नई अधिसूचना में व्यवस्था परिवर्तन का प्रयास किया गया है। जिसके लिए पहली अप्रैल से बीपीएल की नई सूचियां तैयार करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और पिछली सूचियां निरस्त हो जाएगी। ये जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बीपीएल के चयन बारे सरकार को काफी शिकायतें आ रही थी जिस पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है।

स्नो मैराथन

11 हजार फीट की ऊंचाई पर लाहौल स्पीति के सिस्सू में विश्व के सबसे ऊंचे और एशिया के एकमात्र स्नो मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया जिसमें अधिकतर खिताब डिफेंस फोर्सिस के नाम रहे। इस आयोजन में 42 किलोमीटर की स्नो मैराथन, 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें इंडियन आर्मी, इंडियन ऐयरफोर्स, आईटीबीपी, एसएसबी, बीआरओ सहित देश के कोने कोने से प्रोफेशनल्स धावक और फिटनेस प्रेमियो के साथ कुल 247 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैराथन के आयोजक राजीव कुमार ने बताया कि हिमालयन कंजर्वेशन के प्रति सजगता प्रदान करने और लाहौल स्पीति में पर्यटन के साथ साथ साहसिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए ये आयोजन किया जा रहा है।

परिवहन कर्मचारी

हिमाचल परिवहन तकनीकी कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से निगम की वर्कशॉप में खाली पड़े तकनीकी पदों को भरने सहित उन्हें अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है। चम्बा जिला मुख्यालय में आयोजित हिमाचल परिवहन तकनीकी कर्मचारी संगठन के स्थापना दिवस समारोह के दौरान कर्मचारियों कहा कि वर्तमान में तकनीकी कर्मचारियों के 1 हजार 900 पद खाली हैं जिससे परिवहन तकनीकी कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है पंजाब के 20 रूटों पर बंद रहीं एच आर टी सी बस सेवाए–आज या कल होगा बस सेवाओं को बहाल करने को लेकर फैसला।

हिमाचल दस्तक ने विधानसभा बजट सत्र से जुड़ी खबर को शीर्षक दिया है आज से कटौती प्रस्तावों पर होगी चर्चा।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है व्यवस्था परिवर्तन का अर्थ आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर अग्रसर होना।